लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4815

22 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्र में रोजगार सृजन

4815. श्री के. एन. रामचन्द्रन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में इस्पात क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने की संभावनाओं के संबंध में कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस्पात क्षेत्र में रोजगार के सृजित किए गए अवसरों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में इस्पात क्षेत्र में और अधिक रोजगार सृजन के लिए क्या नीति बनाई गई है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) : सरकार ने इस्पात उद्योग में विभिन्न स्तरों पर तकनीकी जनशक्ति की आवश्यकता पर एक विस्तृत अध्ययन करने के लिए मार्च,2007 में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल (आईआईएम), कोलकाता को नियुक्त किया है। आईआईएम, कोलकाता द्वारा मार्च, 2008 में रिपोर्ट इस्पात मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी गई है, जिसमें अन्य के साथ-साथ वर्ष 2020 तक लोहा और इस्पात उद्योग की जरूरत के अनुसार तकनीकी जनशक्ति की क्षेत्रवार आवश्यकता और उसकी कमी को शामिल किया गया है।

(ख) और (ग) : इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते रोजगार संबंधी निर्णय व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों द्वारा लिए जाते हैं। अतः इस्पात उद्योग में सृजित रोजगार के वर्षवार ब्यौरे इस्पात मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं।

*****